<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2023-हिं.अ. दिनांक: 24.08.2023

<u>परिपत्र</u>

**विषय : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हिंदी माह के <u>दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी।</u>**

संस्थान में निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 01.09.2023 से 29.09.2023 तक **"हिंदी माह"** का आयोजन किया जा रहा है। "हिंदी माह" के दौरान संस्थान के संकाय-सदस्यों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों/छात्र-छात्राओं/नर्सिंग स्टाफ/परियोजना स्टाफ के लिए निम्नानुसार हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है:-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | दिनांक | स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | **हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता**<br>(समूह 'ख' एवं 'ग' हेतु) | 04.09.2023 | **डॉ.रामालिंगास्वामी सभागार प्रात: 11.30 बजे से** |
| 2 | **संस्थान के छात्र-छात्राओं हेतु हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी छात्र-छात्राओं हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी छात्र-छात्राओं हेतु | 04.09.2023 | **डॉ.रामालिंगास्वामी सभागार अपराह्न 02.30 बजे से** |
| 3 | **हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>**(समूह 'ख' एवं 'ग')**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी स्टाफ हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी स्टाफ हेतु | 06.09.2023 | **सम्मेलन कक्ष प्रथम तल प्रात: 11.30 बजे से** |
| 4 | **संकाय-सदस्यों एवं अधिकारियों**<br>**(समूह 'क') हेतु हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी संकाय/अधिकारीगण हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी संकाय/अधिकारीगण हेतु | 06.09.2023 | **सम्मेलन कक्ष प्रथम तल अपराह्न 02.30 बजे से** |
| 5 | **अनुवाद प्रतियोगिता** | 11.09.2023 | **सम्मेलन कक्ष प्रथम तल प्रात: 11.30 बजे से** |
| 6 | **नर्सिंग स्टाफ हेतु हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी नर्सिंग स्टाफ हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी नर्सिंग स्टाफ हेतु | 15.09.2023 | **डॉ.रामालिंगास्वामी सभागार अपराह्न 02.30 बजे से** |

सभी प्रतियोगिताएं उपर्युक्तानुसार निर्धारित समय एवं स्थान पर प्रारंभ होंगी तथा प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए निम्नानुसार पुरस्कार होंगे:-

| क्र.सं. | पुरस्कार | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम पुरस्कार | ₹ 5,000/- एक पुरस्कार |
| 2 | द्वितीय पुरस्कार | ₹ 3,000/- एक पुरस्कार |
| 3 | तृतीय पुरस्कार | ₹ 2,000/- एक पुरस्कार |
| 4 | प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹ 1,000/- पांच पुरस्कार |

जारी......2/-

**इसके अतिरिक्त अन्य भाषा-भाषी वर्ग में यदि कोई प्रोत्साहन पुरस्कार शेष बचता है तो उसको हिंदी भाषी वर्ग के पुरस्कारों में सम्मिलित कर लिया जाएगा।**

इन हिंदी प्रतियोगिताओं में संस्थान के संकाय-सदस्यों/अधिकारियों सहित केवल नियमित आधार पर कार्यरत स्टाफ तथा विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत स्टाफ-सदस्यगण ही भाग ले सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक नियमित कर्मचारीगण तथा विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत स्टाफ-सदस्यगण/छात्र-छात्राओं को **अपना पहचान-पत्र और वेतन कोड/बैंक खाता संख्या/आई.एफ.एस.सी. कोड का विवरण अपने साथ लाना अपेक्षित होगा**।

**संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली हिंदी की उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में संस्थान के जो स्टाफ-सदस्यगण जिस भी हिंदी प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं, वे उस दिन उक्त प्रतियोगिता प्रारंभ होने से आधा घंटा पहले प्रतियोगिता हेतु निर्धारित स्थान पर पहुंच कर अपनी प्रविष्टि दे सकते हैं।**

उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित उम्मीदवारों को दिनांक 29.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे से डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार में आयोजित होने वाले हिंदी माह के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि महोदय के कर-कमलों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

अत: सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया यह सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र में कार्यरत सभी संकाय-सदस्यगण/ अधिकारीगण/ कर्मचारीगण/ छात्रगण की जानकारी में ला दें ताकि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक स्टाफ-सदस्यगण भाग ले सकें।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हिंदी अनुभाग से व्यक्तिगत रूप से अथवा फोन नं. 4863 पर संपर्क किया जा सकता है।

(नीरज कुमार शर्मा)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

**वितरण:- सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।**

**प्रतिलिपि:-**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/परीक्षा/अनुसंधान)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी /उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार/कुल-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- प्रधानाचार्या, नर्सिंग कॉलेज, अ.भा.आ.सं.।
- प्रभारी आचार्य (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।